फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

रामलाल पुत्र नन्दराम मीणा नि. राजपुरा

बनाम

गोमदिया पुत्र सीता मीणा नि. राजपुरा, वगैरह

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 654/23

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
21.06.23	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम राजपुरा प. ह. धोड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 482/19 रकबा 0.3237 हैक्टेयर, आ.न. 482/37 रकबा 0.1619 हैक्टेयर, आ.न. 482/9 रकबा 0. 2428 हैक्टेयर कुल किता 03 रकबा 0.7284 हैक्टेयर स्थित है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पडोसी है। अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढी करवाये जाने की आवश्यकता है। अतः उक्त आराजी की पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2075 से 2078 तक के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी पत्थरगढी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया है। अतः न्यायालय पत्थरगढी किया जाना उचित समझता है। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है ग्राम राजपुरा प. ह. धोड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 482/19 रकबा 0.3237 हैक्टेयर, आ.न. 482/37 रकबा 0.1619 हैक्टेयर, आ.न. 482/9 रकबा 0.2428 हैक्टेयर कुल किता 03 रकबा 0.7284 हैक्टेयर भूमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक शक्करगढ को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावे। पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 21.06.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर(भीलवाडा)	

राजस्थान—सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला भीलवाडा

ांक /.रीडर / 2023 / 654 / 2023 दिनांक :—2 1.06.2023

निमित

तहसीलदार जहाजपुर

विषय :— प्र. स. 654/2023 अनवान रामलाल पुत्र नन्दराम मीणा नि. राजपुरा बनाम गोमदिया पुत्र सीता मीणा नि. राजपुरा, श्रील्याण पुत्र रामदेव मीणा नि. राजपुरा, हरला पिता जालमा मीणा नि. राजपुरा, राधाकिशन पिता भुरा मीणा नि. राजपुरा तहसील जहाजपुर की पत्थरगढी की पालना करने बाबत।

———————

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में ग्राम राजपुरा प. ह. धोड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 482/19 रकबा 0.3237 हैक्टेयर, आ.न. 482/37 रकबा 0.1619 हैक्टेयर, आ.न. 482/9 रकबा 0.2428 हैक्टेयर कुल किता 03 रकबा 0. 7284 हैक्टेयर भूमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक शक्करगढ को कमीश्नर नियुक्ति किया जाता है। कमीश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगां, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावे। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर (भीलवाडा)